श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, माननीय स°वि°स° से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/3458 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-	वस्तुस्थिति यह है किः- • जल संसाधन विभाग द्वारा मुख्यतः वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से सिंचाई संबंधी कार्य तथा बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण से संबंधित कार्य कराया जाता है । • वर्तमान में प्रश्नगत स्थल पर छठ घाटों के पक्कीकरण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। • पक्का छठ घाटों का निर्माण स्थानीय निकायों द्वारा किया जा सकता है, जिसके लिए संबंधित निकाय/विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण- पत्र की मांग किये जाने पर विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने पर विचार किया जायेगा ।
(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत डेहरी विधानसभा के सोन नदी तट पर आयर कोठा से इंद्रपुरी तक विभिन्न छठ घाट निर्मित है, जहां प्रत्येक वर्ष अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुगण छठपर्व मानते हैं, तथा सोन नदी तट का यह क्षेत्र पटना के बाद सर्वाधिक छठव्रतियों के भीड़ वाला क्षेत्र बन गया है;	
(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घाट प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में क्षतिग्रस्त हो जाते हैं जिससे छतव्रतियों को कठिनायों का सामना करना पड़ता है;	
(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सोन तट के छठ घाटों का स्थायी (पक्का) निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कब तक नहीं, तो क्यों?	

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–02–27/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपि :– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/3458 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–02–27/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपि :– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–02–27/2026 पटना/दिनांक :........................

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–02–27/2026 1526 पटना/दिनांक :13/3/26

प्रतिलिपि :– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव